प्रश्न बैंक

गणित

कक्षा – 3

अध्याय - 1,2
दुहराना व संख्याएँ

प्र.(1) निम्नलिखित में से किस संख्या की इकाई में 2 व दहाई में 3 है –
(अ) 23 (ब) 33 (स) 323 (द) 332

प्र.(2) ऐसी कौन सी संख्या है जिसके सैकड़े में 7 व दहाई में 5 है –
(अ) 272 (ब) 752 (स) 572 (द) 375

प्र.(3) 100 के ठीक पहले की संख्या है –
(अ) 101 (ब) 99 (स) 89 (द) 110

प्र.(4) 304 में इकाई के स्थान पर है –
(अ) 3 (ब) 0 (स) 4 (द) 304

प्र.(5) 576 में 7 का अंकित मान है –
(अ) 7 (ब) 70 (स) 700 (द) 76

प्र.(6) निम्न में सम संख्या है–
(अ) 6 (ब) 7 (स) 3 (द) 1

प्र.(7) निम्न में सम संख्या है–
(अ) 17 (ब) 19 (स) 11 (द) 14

प्र.(8) निम्न में सम संख्या है–
(अ) 319 (ब) 320 (स) 321 (द) 323

प्र(9) निम्न में विषम संख्या है –
(अ) 4 (ब) 6 (स) 8 (द) 9

प्र.(10) निम्न में विषम संख्या है –
(अ) 22 (ब) 33 (स) 44 (द) 66

प्र.(11) निम्न में विषम संख्या है –
(अ) 100 (ब) 102 (स) 105 (द) 106

प्र(12) 299 के ठीक बाद की संख्या है –
(अ) 300 (ब) 298 (स) 210 (द) 399

प्र.(13) 77 के ठीक बाद की संख्या है –
(अ) 66 (ब) 88 (स) 78 (द) 87

प्र.(14) 345 में इकाई एवं सैकड़े के अंको को आपस में बदल दें तो वह संख्या होगी –
(अ) 345 (ब) 354 (स) 435 (द) 543

प्र.(15) 781 में दहाई एवं सैकड़े के अंको को आपस में बदल दें तो वह संख्या होगी –
(अ) 187 (ब) 871 (स) 718 (द) 178

प्र.(16) चार सौ उन्यासी को अंकों में लिखेंगे –
(अ) 497 (ब) 479 (स) 489 (द) 469

प्र.(17) ☐ में <, > या = का चिह्न लगाओ –

1. 31 ☐ 21
2. 435 ☐ 453
3. 696 ☐ 669

प्र.(18) ☐ में उचित चिह्न लगाओ –

1. 399 ☐ 401
2. 168 ☐ 170

प्र.(1) 1, 2 और 3 को लेकर तीन अंकों वाली पाँच संख्याएँ बनाओ –

प्र.(2) दी गई संख्याओं को विस्तारित रुप लिखो –

1. 393 2. 905

प्र.(3) संख्याओं को बढ़ते क्रम में लिखो –

(अ) 254, 245, 425, 452
(ब) 389, 379, 380, 378

प्र.(4) संख्याओं को घटते क्रम में लिखो –

567, 576, 657, 67

प्र.(5) संख्या लिखो –

(अ) 3 सैकड़े , 4 दहाईयाँ और 5 इकाईयाँ।
(ब) 5 सैकड़े , 0 दहाईयाँ और 1 इकाईयाँ।

प्र.(6) संख्याओ को शब्दों में लिखो –

(1) 618
(2) 502

प्र.(7) संख्याओं को अंकों में लिखो –

(1) एक सौ तीन।
(2) चार सौ उन्यासी।

प्र.(8) रंजना के स्कूल में कक्षा 3 में 37, कक्षा 4 में 25 व कक्षा 5 में 29 बच्चे हैं। बताओं तीनों कक्षाओं में कुल मिलाकर कितने बच्चें हैं?

प्र.((9) किसी शाला में मध्यान्ह भोजन के लिए प्रतिदिन 7 किलोग्राम चाँवल लगता है। बताओ 7 दिनों में कुल कितने किलोग्राम चॉवल लगेगा ?

प्र.(10) क्रम पहचानो और आगे की संख्याएँ लिखो –

(*i*) 102, 104, 106, ..., ..., ..., (*ii*) 203, 205, 207, ..., ..., ...,
(*iii*) 333, 337, 341, ..., ..., ..., (*iv*) 417, 427, 437, ..., ..., ...,

अध्याय - 3
जोड़ना-घटाना-I

प्र1. ☐ डिब्बे में (+) या (-) लगाओ–

(*i*) 15 ☐ 8 = 7

(*ii*) 11 ☐ 5 = 16

प्र.2. ☐ डिब्बे में सही संख्या लिखो –

(*i*) 20+ ☐ = 25 (*ii*) ☐ +7 =16

(*iii*) 10+6 = ☐ (*iv*) 18−6 = ☐

(*v*) ☐ −50 =34 (*vi*) 38−☐ =0

.प्र.3. हल करो –

(*a*) 41 −29

(*b*) 89 +15

(*c*) 79 +40

(*d*) 18 + 9

(*e*) 50 −32

(*f*) 73 −19

हल करो :–

प्र.1. एक बाक्स में 99 सेब रखे जा सकते हैं। अभी उसमें 60 सेब हैं। बाक्स में और कितने सेब रखेजा सकते हैं?

प्र.2. हेमा के पास 45 रुपये और संगीता के पास 22 रुपये हैं। यदि हेमा अपने रुपये संगीता को देती है तो संगीता के पास कितने रुपये हो जाएंगे?

प्र.3. दिए गए सवाला को इबारती प्रश्न के रूप में लिख कर हल करो –

(*i*) 9−3 (*ii*) 4+6

अध्याय - 4
जोड़ना-घटाना-II

प्र.1. खाली स्थान भरो–

i) 12 + 14 = 10 +.............+ 10 + 4
ii) 23 + 17 = ...+ 3 + 10 + 7
iii) 37 + 25 = 30 + 7 + ...+ 5

प्र.2 जादुई डिब्बा पूरा करो–

(1) 4 से 12 तक

		5
6		10
		9

(2) 3 से 11 तक

6		4
	7	
		8

(3) 2 से 10 तक

9	2	7
	6	

प्र3. हल करो–

(i) $\begin{array}{r} 318 \\ +\ 234 \\ \hline \end{array}$ (ii) $\begin{array}{r} 257 \\ 133 \\ +\ 97 \\ \hline \end{array}$ (iii) $\begin{array}{r} 275 \\ -\ 185 \\ \hline \end{array}$

(iv) $\begin{array}{r} 600 \\ -\ 305 \\ \hline \end{array}$ (v) $\begin{array}{r} 403 \\ -\ 70 \\ \hline \end{array}$ (vi) $\begin{array}{r} 412 \\ -\ 295 \\ \hline \end{array}$

प्र. 4 योगफल बताओ–

1. 304 और 217 का।
2. 657 और 243 का।
3. 446 और 289 का।

प्र.5 घटाओ–

1. 816 से 346 को।
.2. 300 से 199 को।
.3. 210 से 108 को।

प्र.6 एक बगीचे में आम के 125, नीम के 100 और नीबू के 160 पेड़ है। बताओ, बगीचे में कुल कितने पेड़ है?

प्र.7 एक विद्यालय में 150 बच्चे हैं। यदि विद्यालय में 162 लड़कियाँ हैं। तो लड़कों की संख्या बताओ ?

प्र.8 रेल के एक डिब्बे में 72 सीटें हैं। यदि डिब्बे में 112 यात्री हैं तो बताओं कितने यात्रियों को सीटें नहीं मिली?

प्र.9 राजू ने राजिम मेले में पहले दिन 132 नारियल, दूसरे दिन 96 नारियल बेचें। अब उसके पास 54 नारियल बच गये। बताओं राजू कितने नारियल लेकर मेले में गया था?

प्र.10 तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या और तीन अंको की सबसे छोटी संख्या का अंतर कितना होगा?

प्र.11 दो अंकों की सबसे बड़ी संख्या और एक अंक की सबसे छोटी संख्या का योगफल कितना होगा?

प्र.12 तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या और दो अंको की सबसे बड़ी संख्या का अंतर कितना होगा?

अध्याय - 5

गुणा और भाग - I

खाली स्थान भरो–

1) 7 + 7 + 7 + 7 + 7 = 7 × ....
2) 3 + 3 + 3 + 3 + 3 + 3 = ... × 6
3) .... + ... + ... + ... = 5 × 4
4) 5 + 5 + 5 = 5 × ....
5) 5 × .... = 30
6) 9 × 7 = ...
7) .... × 8 = 48
8) 9 ÷ 3 = ...
9) .... ÷ 2 = 5
10) 12 ÷ .... = 3

सही उत्तर चुनो–

प्र.(1). बारह भागित चार को लिखेंगे–
(अ) 12 + 4 (ब) 12 – 4
(स) 12 × 4 (द) 12 ÷ 4

प्र.(2). आठ गुणित पाँच को लिखेंगे–
(अ) 8 + 5 (ब) 8 – 5
(स) 8 × 5 (द) 8 ÷ 5

प्र.(3). तीन और चार को गुणा करने पर 12 मिलता है, इसे लिखेंगे–
(अ) 3 ÷ 4 = 12 (ब) 3 × 4 = 12
(स) 3 – 4 = 12 (द) 3 + 4 = 12

प्र.(4). सात का दुगुना करने पर 14 प्राप्त होता है, इसे लिखेंगे–
(अ) 7 + 2 = 14 (ब) 7 – 2 = 14
(स) 7 × 2 = 14 (द) 7 ÷ 2 = 14

प्र.(5). 10 पेन को 5 लोगों में बाँटा गया इसे लिखेंगे–
(अ) 10 + 5 (ब) 10 – 5
(स) 10 × 5 (द) 10 ÷ 5

अध्याय - 6

गुणा और भाग - II

खाली स्थान भरो–

i) 6×4 = ... × 6 ii) ....× = 5×3 iii) 4×3 = 3× ....

iv) 7× ...... = 8×7 v) 8×9 = ... × 8

सही उत्तर चुनो–

प्र.1. 2×5 = 10 में **2 है–**

(अ) गुण्य (ब) गुणक (स) गुणनफल (द) भागफल

प्र.2. 3×4 = 12 में **12 है–**

(अ) गुण्य (ब) गुणक (स) गुणनफल (द) भागफल

प्र.3. 2×7 = 14 में **7 है–**

(अ) गुण्य (ब) गुणक (स) गुणनफल (द) भागफल

प्र.4. 8×10 **का गुणनफल होगा–**

(अ) 8 (ब) 80 (स) 10 (द) 100

प्र.5. 4×100 **का गुणनफल होगा–**

(अ) 4 (ब) 40 (स) 400 (द) 4000

प्र.6. 28÷7 = 4 **में 4 है–**

(अ) भाज्य (ब) भाजक (स) शेषफल (द) भागफल

प्र.7. 16÷2= 8 **में 2 है–**

(अ) भाज्य (ब) भाजक (स) शेषफल (द) भागफल

प्र.8. 18÷6 = 3 **में 18 है–**

(अ) भाज्य (ब) भाजक (स) शेषफल (द) भागफल

प्र.9. 10÷5 **का भागफल होगा–**

(अ) 10 (ब) 5 (स) 2 (द) 50

प्र.10. 6÷6 **का भागफल होगा–**

(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) 36

प्र.11 हल करो–

1). $\begin{array}{r} 445 \\ \times\ \ 2 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

2). $\begin{array}{r} 209 \\ \times\ \ 3 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

3). $\begin{array}{r} 200 \\ \times\ \ 4 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

4). $\begin{array}{r} 140 \\ \times\ \ 6 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

5). $\begin{array}{r} 333 \\ \times\ \ 3 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

6). $\begin{array}{r} 234 \\ \times\ \ 4 \\ \hline \\ \hline \end{array}$

प्र. 12 हल करो–

(1)	$3\overline{)30}$	(2)	$2\overline{)30}$	(3)	$4\overline{)48}$
(4)	$5\overline{)55}$	(5)	$7\overline{)77}$	(8)	$8\overline{)96}$

प्र. 13 हल करो–

(1)	$2\overline{)234}$	(2)	$3\overline{)414}$	(3)	$4\overline{)928}$
(4)	$5\overline{)695}$	(5)	$6\overline{)732}$	(8)	$9\overline{)999}$

प्र.14 कबड्डी की एक टीम में 7 खिलाड़ी होते हैं तो 15 टीमों में कुल कितने खिलाड़ी होंगे?

प्र.15 एक दर्जन में 12 वस्तुएँ होती हैं तो 5 दर्जन में कितनी वस्तुएँ होगी?

प्र.16 एक पैकेट में 10 पेंसिलें रखी जा सकती है तो ऐसे ही 9 पैकेटों में कितनी पेंसिलें रखी जा सकती है?

प्र.17 एक सप्ताह में 7 दिन होते हैं तो 13 सप्ताह में कितने दिन होगी ?

प्र.18 एक किलोग्राम शक्कर की कीमत 36 रुपये है तो 6 किलोग्राम शक्कर की कीमत कितनी होगी?

प्र.19 एक मीटर में 100 सेंटीमीटर होते हैं तो 7 मीटर में कितने सेंटीमीटर होंगे ?

प्र.20 एक टोकरी में 98 आम हैं। इन्हें 7 लोगों में बराबर–बराबर बाँटना है। प्रत्येक को कितने आम मिलेंगे?

प्र.21 एक ट्रेक्टर ट्राली में 96 बोरे रखें हैं। यदि 6 मजदूरों ने बराबर–बराबर बोरे नीचे उतारे तो हर एक मजदूर ने कितने बोरे उतारे?

प्र.22 किसान अपने 5 बेटों में 625 रुपये को बराबर–बराबर बाँटना चाहता है। बताओ, प्रत्येक बेटे को कितने रुपये मिलेंगे?

प्र.23 सरला के पास 45 फूल हैं। वह 9 फूलों से एक गुलदस्ता बनाती है तो बताओ कि सरला कुल कितनी गुलदस्ता बना सकेगी?

प्र.24 एक मजदूर के 6 दिनों की मजदूरी 696 रुपये है तो बताओ एक दिन की मजदूरी कितनी होगी?

प्र.25 50 रुपये के बदले में 5 रुपये के कितने सिक्के मिलेंगे?

(1)	12×6	(2)	25×5	(3)	17×3

प्र.26 दिए गए सवालों को इबारती प्रश्न के रूप में लिखकर हल करो–

(4)	$48\div6$	(5)	$24\div8$	(6)	$15\div3$

प्र.27 सारणी को ध्यान से पढ़ो और निम्न प्रश्नों के उत्तर दो –

स. क्र.	वस्तु का नाम	वस्तु की संख्या	वस्तु का मूल्य
1	कुर्सी	1	470 रू.
2	पुस्तक	1	203 रू.
3	हेलमेट	1	382 रू.
4	बाल्टी	1	185 रू.
5	कमीज	1	140 रू.

1) एक व्यक्ति 1 कुर्सी व 1 कमीज खरीदता है। तो वह कितने रूपये का सामान खरीदता है?
2) एक व्यक्ति 1 पुस्तक खरीदता है तो वह दुकानदार को कितना रूपये देता है?
3) 1 बाल्टी, 1 पुस्तक एवं 1 कमीज खरीदना चाहे तो उसका कीमत कितना होगा ?
4) 1 हेलमेट एवं 1 बाल्टी के कीमत में कितने रूपये का अंतर है?
5) एक व्यक्ति के पास 500 रू. है तथा वह एक पुस्तक खरीदता है तो उसके पास कितना रूपये बचेगा?
6) 1 कमीज और 1 कुर्सी के मूल्य में कितना अंतर है?
7) एक व्यक्ति 2 हेलमेट खरीदना चाहता है तो बताओ वह दुकानदार को कितना रूपये देगा?
8) 2 कमीज की कीमत और 1 बाल्टी की कीमत में कितना अंतर है?
9) एक व्यक्ति के पास 420 रूपये हैं। वह कितना कमीज खरीद सकता है?

अध्याय - 7
भिन्न

खाली स्थान भरो–

प्र.1. किसी वस्तु को दो बराबर भागों में बाँटने पर प्रत्येक भाग उस वस्तु का .... कहलाता है।

प्र.2. किसी वस्तु को तीन बराबर भागों में बाँटने पर प्रत्येक भाग उस वस्तु का .... कहलाता है।

प्र.3. किसी वस्तु को चार बराबर भागों में बाँटने पर प्रत्येक भाग उस वस्तु का .... कहलाता है।

प्र.4. किसी वस्तु को चार बराबर भागों में बाँटने पर उसके तीन भाग .... कहलाता है।

रेखांकित भाग को परिमेय संख्या के रुप में लिखो –

1.  (a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{3}$ (c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{3}{4}$

2.  (a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{3}$ (c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{3}{4}$

3. (a) $\frac{1}{3}$ (b) $\frac{3}{4}$ (c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{1}{2}$

4.  (a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{3}$ (c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{3}{4}$

5.  (a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{1}{3}$ (c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{3}{4}$

निर्देशानुसार करो–

1.  आधा भाग को छायांकित करो।

2.  आधा भाग को छायांकित करो।

3.  एक तिहाई भाग को छायांकित करो।

4.  पांचवे भाग को छायांकित करो।

5.  चौथे भाग को छायांकित करो।

निर्देशानुसार कीजिये–

1.  आधे भाग पर घेरा लगाओ।

2.  एक तिहाई भाग पर घेरा लगाओ।

3.  एक चौथाई भाग पर घेरा लगाओ।

4.  तीन चौथाई भाग पर घेरा लगाओ।

सही उत्तर को चुनो–

प्र.1. $\frac{3}{4}$ **का अंश है–**

(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द) 4

प्र.2. $\frac{1}{2}$ **का हर है–**

(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द)4

प्र.3. $\frac{1}{3}$ **का हर है–**

(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द)4

प्र.4. $\frac{1}{4}$ **का अंश है–**

(अ) 1 (ब) 2 (स) 3 (द)4

अध्याय - 8

मापन

सही उत्तर को चुनो–

प्र1. 1 मीटर में कितने सेंटीमीटर होते हैं–
(अ) 1 सेमी. (ब) 100 सेमी. (स) 100 सेमी. (द) 1000 सेंटीमीटर

प्र.2. दुकान में कपड़ा मापने वाले स्केल को कहते हैं–
(अ) मीटर स्केल (ब) सेण्टीमीटर स्केल (स) डेसीमीटर स्केल (द) इनमें से कोई नहीं

प्र.3. 1 सेंटीमीटर में कितने मिलीमीटर होते हैं–
(अ) 1 मिलीमीटर (ब) 5 मिलीमीटर (स) 100 मिलीमीटर (द) 10 मिलीमीटर

प्र.4. आपके पास कम्पास बॉंक्स में रखे स्केल से किताब की लंम्बाई को माप सकते हैं–
(अ) केवल सेंटीमीटर में (ब) केवल इंच में (स) दोनों में (द) कोई नहीं

प्र.5. एक ही स्केल से एक समान दो किताबों की मापी गई लंबाई होगी–
(अ) बराबर (ब) बड़ा (स) छोटा (द) असमान

प्र.6. कम्पास बाक्स के स्केल की लंबाई होती है–
(अ) 5 सेंटीमीटर (ब) 10 सेंटीमीटर (स) 12 सेंटीमीटर (द) 15 सेंटीमीटर

प्र.7. 100 ग्राम के कितने बाँटों को मिलाकर 1 किलोग्राम वजन होगा–
(अ) 1 (ब) 4 (स) 10 (द) 6

प्र.8. एक पाव के बराबर होता है–
(अ) 100 ग्राम (ब) 200 ग्राम (स) 250 ग्राम (द) 500 ग्राम

प्र.9. आधा किलोग्राम बराबर होता हैं–
(अ) 100 ग्राम (ब) 500 ग्राम (स) 250 ग्राम (द) 1000 ग्राम

प्र.10. 500 मिलीलीटर को कहते हैं–
(अ) पाव लीटर (ब) आधा लीटर (स) पौना लीटर (द) एक लीटर

प्र.11. एक लीटर पानी के बोतल को पूरा भरने के लिये पानी चाहिए–
(अ) 10 मिलीलीटर (ब) 200 मिलीलीटर (स) 1000 मिलीलीटर (द) 100 मिलीलीटर

प्र.12. रितु के 5 मीटर, रेशमा के 3 मीटर और राखी के 4 मीटर कपड़े को मिलाने पर कपड़े की कुल लंबाई हो जाएगी–
(अ) 7 मीटर (ब) 10 मीटर (स) 12 मीटर (द) 3 मीटर

प्र.13. एक दरवाजे के लिये 2 मीटर कपड़े की आवश्यकता है तो 8 दरवाजों के लिये कपड़े की आवश्यकता होगी–
(अ) 10 मीटर (ब) 12 मीटर (स) 16 मीटर (द) 8 मीटर

खाली [ ] में सही उत्तर भरो :–

प्र.14. 1 किलोग्राम = [ ] ग्राम

प्र.15. 1 किलोग्राम = 2 X [ ] ग्राम

प्र.16. 500 ग्राम = [ ] ग्राम + [100] ग्राम + [200] ग्राम

प्र.17. 1 लीटर = [400] मिली लीटर + [100] मिली.लीटर + [ ] मिली लीटर

प्र.18. 1 लीटर = [ ] मिलीलीटर

प्र.19. 1 लीटर = [250] मिली. + [ ] मिली. + [ ] मिली. + [250] मिली.

प्र.20. 500 ग्राम वाले बाँट 200 ग्राम वाले बाँट से कितना ग्राम अधिक है ?

प्र.21. 500 मिलीलीटर नारियल तेल का मूल्य 40 रुपये हैं तो 2 लीटर नारियल तेल का मूल्य कितना होगा?

प्रदत्त कार्य :–

(1) कक्षा तीसरी के गणित के पुस्तक की लंबाई निकालो?

(2) कक्षा तीसरी के गणित के पुस्तक का वजन निकालो?

(3) किलोग्राम, मीटर और लीटर से मापने वाले वस्तुओं को अलग–अलग करो–
दूध, कपड़ा, गेहूँ, चाँवल, दाल, तेल, पानी कपास, साबुन, शक्कर, कमरे की लंबाई

मीटर	लीटर	किलोग्राम

(4) आपके घर में मापन के लिये उपयोग में आने वाली वस्तुओं की सूची बनाओ। जैसे– कप, कटोरी आदि।

अध्याय - 9
समय

प्र.1. समय देखा जाता है–

(अ) चाँदे से (ब) घड़ी से

(स) स्केल से (द) डिवाइडर से

प्र.2. घड़ी में सुईयों की संख्या होती है–

(अ) 1 (ब) 2

(स) 3 (द) 4

प्र.3. एक सप्ताह में दिन होते हैं–

(अ) 6 (ब) 8

(स) 9 (द) 7

प्र.4. एक घंटा बराबर होता है–

(अ) 30 मिनट (ब) 40 मिनट

(स) 50 मिनट (द) 60 मिनट

प्र.5. इस घड़ी में  में अभी बजा है–

(अ) 12 बजे (ब) 9 बजे

(स) 6 बजे (द) 8 बजे

प्र.6. किस घड़ी में साढ़े चार बजे हैं –

(अ)  (ब) 

(स)  (द) 

प्र07. घंटे की सुई 7 पर और मिनट की सुई 12 पर है तो समय होगा–

(अ) 12 बजे (ब) 9 बजे

(स) 7 बजे (द) 2 बजे

प्र.8. एक वर्ष में कुल माह होते हैं–

(अ) 15 (ब) 12

(स) 10 (द) 9

प्र.9. वर्ष में सबसे कम दिनों वाला माह होता है–

(अ) जनवरी (ब) फरवरी

(स) नवम्बर (द) दिसम्बर

प्र.10. स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है–

(अ) जनवरी में (ब) अप्रैल में

(स) अगस्त में (द) दिसम्बर में

प्र.11. घड़ी की सुईयाँ दिए समय के अनुसार बनाओ–



6:00	4:30	9:15	11:45	1:00

प्र.12. शब्दों में लिखे समय को अंकों में लिखो–

(1) साढ़े सात बजे ——————————

(2) सवा तीन बजे ——————————

(3) पौने तीन बजे ——————————

(4) दस बजकर बीस मिनट ——————————

प्र.13. अंको में लिखे समय को शब्दों में लिखो–

(1) 9:45 —————————— ....

(2) 8:30 —————————— ....

(3) 5:15 —————————— ....

(4) 12:05 —————————— ....

प्र14. खाली स्थान भरो–

(1)		(2)	फरवरी	(3)		(4)	
(5)		(6)		(7)		(8)	अगस्त
(9)		(10)	अक्टुबर	(11)		(12)	

प्र.15. आप निम्नलिखित कार्य कितने बजे करते हो ? समय ☐ में लिखो –

(1) सोकर उठते हो ---------- ☐

(2) नहाते हो ---------- ☐

(3) स्कूल जाते हो ---------- ☐

(4) सोते हो ---------- ☐

प्र.16. चित्र में दिये गये घड़ी में मिनट की सुई 3 से अगली 4 तक कितने समय में जायेगी?



प्र.17. चित्र में दिये घंटे की सुई 1 से अगली संख्या 3 में कितने समय में जायेगी?



प्र.18. घड़ी में मिनट की सुई 12 से 3 तक पहुँचने में कितना समय लगेगा?



प्र.19. घड़ी में घंटे की सुई को 6 से 10 तक पहुँचने में कितना समय लगेगा?



प्र.20. राकेश अपने घर से 8:00 बजे निकलकर तीभा के घर 5 मिनट बाद पहुँच गया। बताओ उसे तीभा के घर पहुँचने में कितना समय लगा ?

प्र.21. वर्षा सुबह 8:45 बजे से निकलकर सुबह 9:00 बजे स्कूल पहुंचती है। स्कूल पहुँचने में उसे कितना समय लगता है?

प्र.22. रविवार से 2 दिन बाद कौन–सा दिन आता है?

प्र.23. शुक्रवार से 3 दिन पहले कौन–सा दिन आता है?

प्र.24. सप्ताह के सात दिनों के नाम लिखो।

प्र.25. वर्ष के बारह हिन्दी माह के नाम लिखो।

प्र.26. कैलेण्डर के किसी माह में 5 तारीख को अगर रविवार है तो 9 तारीख को कौन–सा वार होगा?

प्र.27. कैलेण्डर के माह में 15 तारीख मंगलवार पड़ता है तो अगले मंगलवार को कौन–सा तारीख पड़ेगा?

प्र.28. घड़ी में घंटा, मिनट के सुई के जगह अंको के रुप में निम्न समय को दिखाइये –

(1) दस बजकर पंद्रह मिनट



(2) तीन बजकर पैंतालीस मिनट



प्र.29. घड़ी में 12 बजने पर घंटे और मिनट की सुई कहाँ पर होती है? चित्र बनाकर उत्तर दीजिये।

प्र.30. दी गई घड़ी में कितने मिनट के बाद ठीक 11 बजेगा–



प्रदत्त कार्य–

प्र.(1). अपने कक्षा के 10 सहपाठियों के जन्मदिन की सूची बनाइये:–
(विद्यालय के पंजी का सहारा लिया जा सकता है।)

क्र.	नाम	जन्मतिथि		
		दिन	माह	वर्ष
1.				
2.				
3.				
4.				
5.				
6.				
7.				
8.				
9.				
10.				

प्र.(2). अपने घर या स्कूल से पुराने कैलेण्डर से जनवरी माह का पत्ता निकालकर इस माह में पड़ने वाले पर्व या अवकाश का नाम एवं संख्या लिखो।

अध्याय - 10
ज्यामिति आकृतियाँ

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दो –

प्र.1. खुली आकृति कौन–सी है–

(अ)
(ब)
(स)
(द)

प्र.2. बंद आकृति कौन–सी है––

(अ)
(ब)
(स)
(द)

प्र.3. चतुर्भुज को पहचानो–

(अ)
(ब)
(स)
(द) 

प्र.4. त्रिभुज की कितनी भुजाएँ होती है–

(अ) दो
(ब) तीन
(स) चार
(द) पाँच

प्र5. विशेष प्रकार का आयत कहलाता है–

(अ) त्रिभुज
(ब) वृत्त
(स) वर्ग
(द) इनमें से कोई नहीं

प्र.6. निम्न आकृति में कितने त्रिभुज बना है–



(अ) दो
(ब) तीन
(स) चार
(द) पाँच

प्र.7. निम्न में से कौन–सा चतुर्भुज की श्रेणी में नहीं आता–

(अ) वर्ग
(ब) आयत
(स) वृत्त
(द) चतुभुर्ज

प्र.(8). चार बंद आकृतियों के चित्र बनाओ।

प्र.(9). चार खुली आकृतियों के चित्र बनाओ।

प्र.(10).नीचे दिए गए चित्र में वृत्त, त्रिभुज और चतुर्भुज को पहचान कर संख्या लिखो–



वृत्त की संख्या – ————————

त्रिभुज की संख्या – ————————

चतुर्भुज की संख्या – ————————

प्र.(11). सही जोड़ी का मिलान करो –

(A)	(B)
चतुर्भुज	
वर्ग	
त्रिभुज	
वृत्त	

प्र.(12). निम्नलिखित आकृति को क्रम को आगे बढ़ाओ –



प्र.(13). दिए गए चित्र में बहुत से आकृति जुड़े हुए हैं, इन्हें अलग करो –



अध्याय - 11

मुद्रा

सही विकल्प चुनकर लिखो –

प्र.1. 20 रुपये के नोट का रंग होता है–

(अ) हरा (ब) काला

(स) लाल (द) नीला

प्र.2. 3 रुपये 75 पैसे में 25 पैसे के कितने सिक्के होंगे–

(अ) 15 (ब) 75

(स) 75 (द) 25

प्र.3. 10 रुपये के नोट में किस प्रसिद्ध व्यक्ति का चित्र छपा होता है–

(अ) पं. जवाहर लाल नेहरु (ब) सरदार बल्लभ भाई पटेल

(स) महात्मा गाँधी (द) राजीव गाँधी

प्र.4. 1 रुपये में 10 पैसे वाले कितने सिक्के होंगे–

(अ) 1 (ब) 10

(स) 100 (द) 110

प्र.5. 19 रुपये में कितने पैसे होंगे–

(अ) 190 पैसे (ब) 109 पैसे

(स) 1900 पैसे (द) 1009 पैसे

प्र.6. 1000 पैसे बराबर होता है–

(अ) 100 रुपये (ब) 1000 रुपये

(स) 1 रुपये (द) 10 रुपये

प्र.7. 50 पैसे के 6 सिक्कों का मूल्य होगा –

(अ) 6 रुपये (ब) 50 रुपये

(स) 3 रुपये (द) 6ण्50 रुपये

प्र.8. 2 रुपये 70 पैसे बराबर कितने पैसे होते हैं–

(अ) 207 पैसे　　(ब) 720 पैसे

(स) 27 पैसे　　(द) 270 पैसे

प्र.9. 285 पैसे बराबर कितने रुपये होते हैं–

(अ) 285 रुपये　　(ब) 28 रुपये 50 पैसे

(स) 2 रुपये 85 पैसे　　(द) 28 रुपये 5 पैसे

प्र.10. 9 रुपये 25 पैसे में कितने पैसे मिलाने पर 10 रुपये हो जायेगा–

(अ) 35 पैसे　　(ब) 75 पैसे

(स) 65 पैसे　　(द) 85 पैसे

निम्नलिखित चित्रों में वस्तु एवं उनके मूल्य दिया गया है। वस्तु का कुल मूल्य डिब्बे में लिखो –

प्र.11. 45 रूपए + 7 रूपए = ☐ रूपए

प्र.12.

5 रूपए + 20 रूपए = ☐ रूपए

प्र.13. 69 रूपए + 14 रूपए = ☐ रूपए

प्र. 14 शालु, निशु और गोलु तीनों सामान खरीदने दुकान गये। तीनों कुछ सामान खरीदे। सामान खरीदने के बाद बचत रुपये, पैसे को डिब्बे में लिखो–

	शालु के पास कुल राशि	खरीदे गये सामान	बचत राशि
1.	20 रुपये	4रू. 5रू.	☐ रुपये

2.	निशु के पास कुल राशि	खरीदे गये सामान	बचत राशि
	25 रुपये	5रू. 7रू.	☐ रुपये
3.	गोलू के पास कुल राशि	खरीदे गये सामान	बचत राशि
	25 रुपये	 13रू.	☐ रुपये

प्र.15. निम्नलिखित सारणी में नोट और सिक्के दिया गया है। सभी नोट और सिक्कों का मूल्य बताओ –

नोट/सिक्के	मूल्य
	रूपए
	रूपए
	रूपए
	रूपए
कुल–	रूपए

प्र.16. रचना और मोनू दोनों नाश्ता करने के लिये हॉटल गये। हॉटल में मूल्य सूची लगी थी। दोनों ने अपने–अपने पसंद का नाश्ता किया। बताओ दोनों ने कितने–कितने रुपये का

रेट लिस्ट

समोसा प्रति नग ––– 5 रु.

बड़ा प्रति नग ––– 2 रु.

रसगुल्ल्ला प्रति नग ––– 7 रु.

गुलाब जामुन प्रति नग–––8 रु.

पेड़ा प्रति नग ––– 3 रु.

बिल

रचना	2 समोसा, 2 पेड़ा, 3 बड़ा	..................रु.
मोनू	3 गुलाब जामुन, 5 बड़ा, 1 समोसा	..................रु.

प्र.17. सोनू गुल्लक में प्रतिदिन 7 रु. जमा करती है। बताओं जनवरी माह में वह कितने रूपये जमा

प्रदत्त कार्य –

आप अपने घर में एक माह में लाई जाने वस्तुओं के नाम, संख्या व मूल्य लिखकर तालिका पूरा करो–

क्र.	वस्तु का नाम	मात्रा	दर	कुल मूल्य
1.	चाँवल	....	....	....
2.	गेंहूँ	....	....	....
3.	बिस्कीट	....	....	....
4.	मंजन	....	....	....
5.	....	....	....	....
			योग	....

अध्याय - 12
आँकड़ों का चित्रात्मक निरूपण

रूचि के बस्ते में रखी सामग्रियों को चित्र में दिखाया गया है–

पुस्तक	
कापी	
कलर पेंसिल	
स्केच पेन	
रबर	

सूची देखकर बताओ –

प्र.1. पुस्तकों और कापियों की कुल संख्या कितनी है?
प्र.2. स्केच पेनों की संख्या, कलर पेंसिलों की संख्या से कितना ज्यादा है?
प्र.3. रबर की संख्या पेंसिल की संख्या से कितना कम है?

निम्नलिखित चित्रालेख में अलग–अलग आकृतियों को दिखाया गया है–

त्रिभुज	
वृत्त	
स्टार	
आयत	
ईट	

सूची देखकर बनाओ–

प्र.4. किस आकृति की संख्या सबसे ज्यादा है उसमें लाल रंग भरो।

प्र.5. किस आकृति की संख्या चार है उसमें हरा रंग भरो।

प्र.6. किस आकृति की संख्या चार से ज्यादा और छः से कम है ?

प्र.7. चित्रालेख में वर्ग की संख्या कितनी है ?

प्र.8. चित्रालेख में कुल कितने प्रकार की आकृतियों को दिखाया गया है ?

एक चिड़ियाघर के पक्षियों को चित्रालेख में दिखाया गया है–

गौरेया	
कौआ	
तोता	
कबूतर	
मैना	
मुर्गी	

अब बताओ–

प्र.9. तोता और मैना की कुल संख्या कितनी है ?

प्र.10. किन दो पक्षियों की संख्या बराबर है ?

प्र.11. कौआ की संख्या मैना से कितनी कम है ?

प्र.12. सूची में कितने से पक्षियों को दिखाया गया है ?

प्र.13. चित्र में कबूतर की संख्या कितनी है ?

प्र.14. किस पक्षी की संख्या 10 है ?

निम्नलिखित सारणी में वृक्षों को दिखाया गया है।

आम	
नीम	
बरगद	
इमली	
जामुन	

अब बताओ–

प्र.15. सूची में कुल वृक्षों की संख्या कितनी है ?

प्र.16. बरगद की संख्या नीम की संख्या से कितनी अधिक है ?

स्क्रेप बुक –

अपने घर के आसपास पाये जाने वाले पशु–पक्षियों के चित्रों को इकट्ठा करके अपने स्क्रेप बुक में तालिका बनाकर चिपकाओ।

प्रदत्त कार्य –

आप अपने आसपास पाए जाने वाले जानवर, पक्षी, सब्जी , फूल और पेड़ों के नामों की सूची बनाकर तालिका में लिखो।